रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 498] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, दिसम्बर 28, 2017/पौष 7, 1939
No. 498] NEW DELHI, THURSDAY, DECEMBER 28, 2017/PAUSA 7, 1939

IndiaCode

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर, 2017

सं. बीईई /एसएण्डएल/एलईडी/52/2017-18.—ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उ-धारा (1) की अपेक्षानुसार प्रारूप विनियम अर्थात् ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबलों पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2017 अधिसूचना सं. बीईई/एसएण्डएल/एलईडी/52/2017-18 तारीख 5 सितंबर, 2017 द्वारा प्रकाशित किए गए थे जिसमें राजपत्र में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से आक्षेप या सुझाव आमंत्रित किए गए थे।

और उक्त प्रारूप विनियमों की प्रतियां 5 सितंबर 2017 को जनता को उपलब्ध कराई गई थीं;

और पूर्वोक्त अवधि के भीतर उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में सुझाव प्राप्त हो गए हैं;

और इस संबंध में प्राप्त सुझावों पर विचार कर लिया गया है;

अत: अब ब्यूरो, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001(2001 का 52) की धारा 13 की उप-धारा (2) के खण्ड (ढ) और धारा 14 के खण्ड (घ) के साथ पठित धारा 58 की उपधारा (2) के खण्ड (झ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :- इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबलों पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति), विनियमन, 2017 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषा :- (1) इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) 'मॉडलों का परिवार' से मॉडलों का ऐसा समूह अभिप्रेत है, जिनके लिए पालन के सभी मानदंड एक समान हैं;

(ग) "प्ररूप" से इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(घ) "लेबल" से स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों पर चिपकाई गयी या प्रदर्शित लिखित, मुद्रित, चिह्नित, मुहर लगी या ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(ङ) ''लेबल अवधि" से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के अधीन प्रदीप्त क्षमता की विधि मान्यता अवधि से अभिप्रेत है:

परन्तु यदि प्रदीप्त क्षमता की वैधता अवधि की समाप्ति को अधिसूचित नहीं किया गया है, तो इसे तब तक मान्य समझ लिया जाएगा जब तक की इसके लिए नए मान केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित नहीं किए जाते;

(च) "अनुज्ञापित व्यक्ति" से ऐसे व्यक्ति या ऐसी एजेंसी से अभिप्रेत है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल चिपकाने के लिए अनुज्ञा दी गई है;

(छ) 'अनुसूची' से इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ज) 'स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प' से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (घ) के अधीन अधिसूचना में निर्दिष्ट एक उपकरण अभिप्रेत है;

(झ) "स्टार रेटिंग या स्टार स्तर" से अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित प्रदीप्त क्षमता मानक पर आधारित स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैंप के लेबल पर प्रदर्शित ऊर्जा दक्षता का ग्रेड अभिप्रेत है;

(ञ) "व्यापारी या विक्रेता से उस व्यक्ति से अभिप्रेत है जो ऐसे लेबलयुक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों की बिक्री अथवा वितरण करता है और इसमें ऐसे दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्पों पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्राप्त अनुज्ञापित व्यक्ति शामिल हैं।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है वही अर्थ होगा जो अधिनियम में है।

3. लेबल पर प्रदर्शित किए जाने वाला विवरण :- (1) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर, इसके लेबल पर निम्नलिखित विवरण प्रदर्शित किया जाएगा, अर्थात् :-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिन्ह;

(ख) विनिर्माता या आयातक और ब्राण्ड का नाम;

(ग) व्यापार का नाम और संख्या;

(घ) विनिर्माण या आयात का मॉडल और वर्ष;

(ङ) विलक्षण श्रृंखला कोड;

(च) वॉट्स में बिजली की खपत;

(छ) ल्यूमेनस में प्रदीप्त प्रवाह;

(ज) प्रदीप्त / वाट में प्रदीप्त क्षमता;

(झ) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प का स्टार स्तर; और

(ञ) लेबल की अवधि

(2) लेबल का डिजाइन, रंग, आकार और सामग्री इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में यथा: विनिर्दिष्ट होगा।

4. लेबलों के प्रदर्शन के लिए समय सीमा :- (1) विनियम 3 में विनिर्दिष्ट सभी विवरण वाला लेबल इन विनियमों के लागू होने की तारीख से छह माह की अवधि के भीतर प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन अधिसूचित संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के आरंभ होने पर और आरंभ होने से, प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति या व्यापारी या विक्रेता सुनिश्चित करेगा, कि -

(क) बिक्री के लिए रखे गए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर संशोधित स्टार स्तर प्रदर्शित होगा और संशोधित ऊर्जा खपत मानकों के साथ संशोधित समक्रमण अवधि और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प या विनिर्माण वर्ष भी संशोधित ऊर्जा खपत मानको के साथ समक्रमण में होगा और स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के साथ पिछली ऊर्जा खपत मानक के साथ उनका उत्पादन नहीं किया जायेगा।

IndiaCode

(ख) व्यवहारी, खुदरा व्यापारियों और उपभोक्ताओं की जागरुकता सहित सभी प्रारंभिक उपाय उनकी शिक्षा के अपेक्षित प्रचार-प्रसार के लिए उचित योजना से करने होंगे और इन विनियमों के अधीन ऐसे प्रारंभ की तारिख से छ: मास पूर्व के होंगे।

5. लेबल प्रदर्शित करने की रीति :- (1) प्रत्येक स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर एक लेबल होगा, जो बिक्री स्थल पर प्रदर्शित किया जायेगा और लेबल स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर निम्नलिखित रीति में चिपकाया जायेगा।

क. अपने आप चिपकने वाला लेबल रैपर पर लगाया जाए;

ख. स्टार अंकन रेटिंग के अनुसार स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर मुहर अंकित की जाएगी, और

ग. स्टार अंकन के लिए मुहर का साइज 11.5 मि. मी. ऊंचा और 8.5मि. मी. चौड़ा होगा।

6. लेबल प्रदर्शित करने की अनुज्ञा :- (1) ब्यूरो की अनुमति के बिना स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर कोई स्टार लेबल नहीं चिपकाया जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन ब्यूरो की अनुज्ञा लेने के प्रयोजन के लिए प्रत्येक ब्रांड के लिए प्ररूप1 में विनिर्दिष्ट तरीके से पंजीकृत स्वयं अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, जिसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान की किसी अन्य कार्य इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा देय एक लाख रुपए का लेबल प्रतिभूति संलग्नहोगा :

परन्तु, लघु पैमाने के उद्योग के मामले में, लेबल की प्रतिभूति राशि केवल पच्चीस हजार रुपए होगी;

(3) उप-विनियम (2) के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति के प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ संलग्न होंगे -

(क) प्रति मॉडल के लिए दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में मांगदेय ड्राफ्ट आहरण द्वारा आहरित या भुगतान के किसी स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक मोड में देय होगा

(ख) प्ररूप-II में यथा: विनिर्दिष्ट दस्तावेज;

7. अनुज्ञा प्रदान करना :- (1) विनियम 6 के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर और इससे संतुष्ट होने परकि इसमें दी गई सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है ब्यूरो उक्त प्राप्ति की अवधि से मानक और लेबलिंग पर इसके प्रचालन मैनुअल में विनिर्दिष्ट इस प्राप्ति की अवधि के अंदर, विनियम 8 में यथा: विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों के अध्यधीनइसके लिए अनुज्ञा प्रदान कर सकता है।

(क) प्ररूप-III में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में ब्रांड को रजिस्ट्रर करें; या

(ख) प्ररूप- IV में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमतिप्रदान करना।

(2) ब्यूरो, प्ररूप V में रजिस्टर बनाकर रखेगा और इसमें अनुज्ञापित व्यक्तिके नाम प्रविष्ट करेगा;

(3) उप विनियम (1) के अधीन प्रदत्त ऐसी अनुज्ञा ऐसी अवधि तक विधिमान्य होगीजिसके लिए प्रवृत अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा-अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक स्टार स्तर विनिर्दिष्ट किये गये:

परन्तु यह कि अनुज्ञापित व्यक्ति धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी आदेशों के उपबंध के अनुसार प्रदान की गई अनुमति की तिथि से 12 माह के अन्दर घोषित जीवन के 25 प्रतिशत समय बाद 6000 घण्टों के अन्दर ल्यूमेन रखरखाव की परीक्षण रिपोर्ट जमा करेगा।

(4) अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा अनुज्ञा के नवीकरण के लिए आवेदन छह माह के भीतर किंतुइस अवधि की समाप्ति से एक माह पूर्व किया जाएगा और इसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में देय मांगदेय ड्राफ्ट के रूप में या इलेक्ट्रॉनिक ढंग में एक हजार रुपए का शुल्क लगा होना;

(5) विधिमान्यता की अवधि समाप्त होने के बाद किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा ऐसे मामले में अनुज्ञापित व्यक्ति को नया आवेदन पत्र देना होगा;

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदनमत्र मिलने पर और सभी अपेक्षाएं पूरी होने केसंबंध में संतुष्ट होने पर, ब्यूरो ऐसा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह की अवधि के भीतरप्ररूप IV में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है

(7) जो अनुज्ञापित व्यक्ति उस तारीख से, जिस तारीख से संशोधित स्टार स्तर लागू हुआ है स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञाचाहता है, प्ररूप VI में केवल एक घोषणा प्रस्तुत करेगा;

(8) यदि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के नए मॉडल की योजना संशोधित स्टार स्तर के साथ तालमेल बिठाकर शुरू करने की योजना है तो अनुज्ञापित व्यक्ति नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेगा और ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदनसंशोधित स्टार स्तर के लागू होने से छह मास पूर्व किया जाए;

8. लेबल पर विवरण प्रदर्शित करने के लिए निबंधन और शर्तें:- प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी एवं विक्रेता अर्थात् :-

(क) अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए ऊर्जा खपत मानकों का अनुपालन;

(ख) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के केवल ऐसा मॉडल पर लेबल लगाया जाए जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है;

(ग) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर अनुज्ञापित व्यक्ति के खर्च पर लेबल लगाया जाए;

(घ) यह सुनिश्चित किया जाए कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहेगा;

(ङ) विनियम 9 में यथाविनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) ब्यूरो को विवरण मुहैया कराएगा जिसमें लेबल लगे उपकरणों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में आने वाले माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण हो;

(छ) ब्यूरो के पास प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल तक उनके लेबल युक्त उत्पादों की बिक्री के लिए नियुक्त अधिकृत वितरकों, व्यवहारी, खुदरा व्यापारियों, विक्रेताओं की अद्यतन सूची प्रस्तुत की जाए;

(ज) ऐसे अन्य नियमों एवं शर्तों का पालन करेंगे जो ब्यूरो द्वारा मानक और लेबलिंग के संबंध में ब्यूरो की प्रचालन नियम पुस्तिका में निहित नियमों एवं शर्तों सहित विनिर्दिष्ट किए गए हों;

9. लेबल शुल्क : - (1) प्रत्येक अनुज्ञापित व्यक्ति, ब्यूरो को स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए पांच पैसे लेबल शुल्क का भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक माह के भीतर वार्षिक तौर पर किया जाएगा;

परन्तु यह कि यथाविनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल फीस का भुगतान न करने पर, ब्यूरो विनियम 6 के उप-विनियम (3) के खण्ड (ख) के अधीन लेबल प्रतिभूति निक्षेप संदत्त से इस पर प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से इस पर ब्याज सहित बकाया रकम वसुल कर सकता है और यदि इसे जमा किए जाने की अंतिम तारीख से एक वर्ष के भीतर पूर लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं किया जाता तो ब्यूरो अनुज्ञापित व्यक्ति को प्रदत्त अनुज्ञा रद्द कर सकता है और अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम चूककर्ता के रूप में यथा समाचार पत्र में और इलेक्ट्रानिक साधन में प्रकाशित कर सकता है।

10. लेबल प्रतिभूति निक्षेप का प्रतिदाय -: विनियम 9 के उप-विनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन, अनुज्ञापित व्यक्ति स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प का विनिर्माण बंद करने पर लेबल प्रतिभूति निक्षेप के प्रतिदाय का हकदार होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन :- (1) ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी या तो इसे शिकायत प्राप्त होने पर या स्वत: संज्ञान से यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन करेगा कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प इसके लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर और अन्य विवरण के अनुरूप है और यह अनुज्ञा के अन्य निबंधन और शर्तों के अनुपालन में है।

(2) सत्यापन के प्रयोजन के लिए ब्यूरो या इसकी नामनिर्दिष्ट एजेंसी विनिर्माता सुविधा से जैसे यह उचित समझे, भण्डारगृह या फुटकर विक्रय केंद्र से यादृच्छिक तौर पर नमूने एकत्र करेगा;

(3) जहां उप- विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर, ब्यूरो द्वारा जांच और अंशांकन प्रयोगशालाओं हेतु राष्ट्रीय परीक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प की जांच को चुनौती देकर सत्यापन करना अपेक्षित है,

(क) ब्यूरो द्वारा अनुज्ञापित व्यक्ति को उक्त परीक्षण करने के लिए सूचना जारी की जाएगी और शिकायतकर्ता को ब्यूरो के पास उक्त समय के भीतर, जिसे ब्यूरो द्वारा निर्धारित किया जाए, परीक्षण, परिवहन औरअन्य अनुषंगी व्ययों से संबंधित उक्त व्यय जमा करने के लिए कहा जाएगा;

(ख) यदि चुनौती के अधीन लिए गए नमूने विफल रहते हैं तो अनुज्ञापित व्यक्तिब्यूरो को नमूने की लागत, नमूने के परिवहन और परीक्षण प्रभार के सभी व्ययों की प्रतिपूर्ति करेगा औरब्यूरो उक्त व्यय का प्रतिदाय शिकायतकर्ता को करेगा; और

(ग) जहां उपकरण चुनौती परीक्षण पर खरे उतरते है तब शिकायतकर्ता द्वारा जमा किए गए उक्त व्यय समपहृत कर लिए जाएंगे।

IndiaCode

(4) जहां, उप-विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होती है, यदि अनुज्ञापित व्यक्ति उक्त समय के अंदर उप विनियम (3) में संदर्भित उक्त व्यय जमा करने में विफल रहता है तो ब्यूरो द्वारा –

(i) उप-विनियम (3) में संदर्भित स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के चुनौती परीक्षण द्वारा सत्यापन जारी रखा जाएगा; और

(ii) विनियम 6 के अधीन प्राप्त आवेदन की कार्रवाई उक्त व्यय के जमा होने तक स्थगित रखी जाएगी।

(5) जहां परीक्षण के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के नमूने परीक्षण अथवा स्वयं संज्ञान परीक्षण के दौरान या चुनौती परीक्षण में विफल रहते हैं, अनुज्ञापित व्यक्ति को एक अन्य अवसर दिया जाएगा और ब्यूरो, अनुज्ञापित व्यक्ति की लागत पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रथम जांच में प्रयुक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के दुगने परिमाण में दूसरा परीक्षण करेगा।

(6) जहां, दूसरा परीक्षण विफल होता है, ब्यूरो,-

(क) अनुज्ञापित व्यक्ति प्ररूप VII, में सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को निदेश देगा कि अनुज्ञापित व्यक्ति दो माह की अवधि के अंदर, -

(i) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के रैपर पर लगाए गए लेबल में सही स्टार स्तर प्रदर्शित करेगा अथवा परीक्षण के दौरान त्रुटियों और कमियों को दूर करेगा;

(ii) ब्यूरो के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में बाजार से सभी स्टॉक को वापस लेगा; और

(iii) विज्ञापित सामग्री पर प्रदर्शित विवरण में परिवर्तन करेगा।

(ख) दो माह के अंदर अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विशिष्टियां किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र और किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन या अन्य किसी रूप में इसका प्रकाशन करेगा, जो उचित पाया जाए;

(ग) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसी को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई करने के लिए सूचित करेगा।

(7) अनुज्ञापित व्यक्ति उप-विनियम (6) में संदर्भित दो माह की अवधि समाप्त होने के दस दिनों के भीतर, करेगा -

(क) ब्यूरो को दिशा-निर्देश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में प्ररूप VIII में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है या विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी निदेश के अनुपालन के बिना प्राप्त होती है तो इसे इस प्रभाव के लिए दिए गए आदेश और जारी निदेश का अनुपालन नहीं होना माना जाएगा जिसे ब्यूरो द्वारा दिया गया है।

(8) ब्यूरो अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने के प्रयोजनार्थ सभी राज्य नामनिर्दिष्ट अभिकरणों को उप-विनियम (7) के खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट और खण्ड (ख) में जारी आदेशों की प्रति आवश्यक दस्तावेजों द्वारा भेजेगा और उक्त उप विनियम के खण्ड (ख) के अधीन जारी आदेशों का प्रवर्तन करेगा।

(9) जहां अनुज्ञापित व्यक्ति, ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (6) के अधीन जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहता है, वहां ब्यूरो सभी राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसियों को सूचना देते हुए, -

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति को प्रदत्त अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों की पुष्टि करने के लिए अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा असफलता के समर्थन में परीक्षण रिपोर्ट सहित केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट भेजेगा, उप विनियम 7 के खण्ड (क) में निर्दिष्ट ब्यूरो के निर्देशों को विचार करने और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 खण्ड (ग) के अधीन उन पर कार्यवाही करने के लिए भेजना।

(ग) अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विशिष्टियां किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र और किसी इलेक्ट्रॉनिक सधन या अन्य किसी रूप में दो माह के अंदर इसका प्रकाशन करेगा, जो उचित पाया जाए;

(घ) संबंधित राज्य नामनिर्दिष्ट एजेंसी को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापित व्यक्ति और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक कार्रवाई करने के लिए सूचित करेगा।

IndiaCode

12. अनुमति रद्द करना - ब्यूरो विनियम 7 के अधीन प्रदत्त अनुमति को रद्द कर सकता है, यदि अनुज्ञापित व्यक्ति-

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (3) के प्रावधान में विनिर्दिष्ट परीक्षण रिपोर्ट जमा करने में विफल रहता है

परन्तु यह कि यदि अनुज्ञापित व्यक्ति जमा की गई परीक्षण रिपोर्ट का पालन करने में विफल रहता है, विनियम 11 के उप-विनियम (9) के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(क) विनियम 8 के अधीन विनिर्दिष्ट किसी निबंधन और शर्त का पालननहीं करता;

(ख) विनियम 9 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर लेबल शुल्क काभुगतान नहीं करता;

(ग) विनियम 11 के अधीन जारी निर्देशों का अनुपालन नहींकरता।

अनुसूची


[विनियम 3 का उप विनियम (2) देखें]

स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबलों पर प्रदर्शित किए गए विवरण


(1.) लेबल डिजाइन

(i) आयाम :

क. रैपर पर लगाए जाने वाले लेबल के आयाम :



ख. लैम्प पर लगाए जाने वाले लेबल के आयाम :




(ii) लेबल की रंग योजना :

गहरा नीला – C: 97, M:95 , Y:6 , K:1

हरा – C: 81 , M: 10 , Y:90 , K:1

टिप्पण : ब्यूरो के प्रतीक चिह्न का निचला हिस्सा और स्टार फिलर केवल हरे रंग का होगाऔर सभी मुद्रण के अक्षरों का आकार तथा ब्यूरो का ऊपरी प्रतीक चिह्न गहरा नीला रंग का होगा



(iii) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो प्रतीक चिह्न की रंग योजना:

नीला

ह्यू (H)-239° संतृप्ति (S):64% दीप्ति(B):59%

ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) :28, क्रोमेटिक पुर्जे -a:24 b:54

लाल (R):54 हरा(G):55 नीला(B):151

सियान (C):97% मैजेंटा (M):95% पीला (Y):6% काला(K):1%

वेब कलर कोड - #363797

हरा –

ह्यू (H)- 150° संतृप्ति (S): 10% दीप्ति (B): 67%


ल्यूमिनेंस या लाइटनेस (L) : 61, क्रोमेटिक पुर्जे -a: 53 b:32

लाल (R): 0 हरा(G): 170 नीला(B): 87

सियान (C): 81% मैजेंटा (M): 10% पीला (Y): 90% काला (K): 1%

वेब कलर कोड - #00AA56;

(iv) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए मुद्रित लेबल का पूरा नमूना -



(2) लेबल सामग्री

लेबल स्वत: चिपकने वाला होगा और इसे स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर मुद्रित किया जाएगाऔर लेबल के लिए आयाम डिजाइन योजना में दिखाई गई रूपरेखा में से एक को काटा जाएगा।

प्ररूप 1

[विनियम 6 के उप - विनियम (2) देखें]

(कंपनी के शासकीय पत्र में मुद्रित किया जाए)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने का विवरण और रीति) विनियमन, 2017 के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के ब्रांड के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन-पत्र

महानिदेशक

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार) चौथा तल, सेवा भवन, सेक्टर – 1,

आर. के. पुरम

नई दिल्ली – 110 066

भारत

1. मैं / हम _____ (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) _____ की शैली के अंतर्गत _____ (व्यवसाय का पूरा पता) व्यवसाय करने के लिए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के विनिर्माता हैं जैसा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने का विवरण और रीति) विनियमन, 2017 में ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट है स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल लगाने की अनुज्ञा पाने हेतु आवेदन करते हैं।

2. उपकरण, कंपनी, विनिर्माण सुविधा और भुगतान संबंधी विस्तृत विवरण अनुलग्नक 'क-I' में दिया गया है। फर्म पंजीयक अथवा संस्थाओं या उद्योग निदेशक (छोटे पैमाने की इकाइयों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र अथवा अन्य सदृश दस्तावेजों की फोटोप्रति संलग्न है जो फर्म का नाम और इसके विनिर्माण परिसरों को अनुप्रमणित करते हैं, संलग्न है।

(क) आवेदक/ प्राधिकृत व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) कंपनी/फर्म आदि की ओर से यह आवेदन करने के लिए अधिकृत है और वह इस आवेदन के साथ मुहैया कराईगई सूचना की परिशुद्धता के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) संपर्क व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) इस आवेदन और लेबल के उपयोग के संबंध में ब्यूरो के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत संपर्क व्यक्ति है।

(ग) मैं/हम उपरोक्त (क) या (ख) में परिभाषित प्राधिकृत व्यक्तियों में किसी परिवर्तन के बारेमें ब्यूरो को सूचित करने का वचन देता हूं/ देते हैं

3. मेरी/ हमारी जानकारी और अनुमान के अनुसार, उक्त उपकरण के उत्पादन और बिक्री संबंधी आंकड़े और इनका प्राक्कलन निम्नानुसार हैं :

वर्ष	**उत्पादन**	**बिक्री**	**उपकरण का अधिकतम खुदरा मूल्य (रुपए)**
..... से .....तकअंतिम वर्ष ..... से .....तक(अनुमान) चालू वर्ष			

4. मांगदेय ड्राफ्ट सं._____ तारीख. _____ /इलेक्ट्रॉनिक रीति द्वारा एक लाख रुपए या पच्चीस हजार रुपए, लेबल प्रतिभूति शुल्क का भुगतान कर दिया गया है (लेबल प्रतिभूति शुल्क जमा करने के समय भरा जाए।

5. मैं/हम ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट लेबलिंग फीस का भुगतान करने को सहमत हूं/हैं।

6. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन के लिए नमूने का चयन करने और परीक्षण को चुनौती देने के लिए अधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम यह घोषणा करता हूं/ करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गईसूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है; आवेदनपत्र को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

IndiaCode

तारीख.....दिन .....वर्ष

हस्ताक्षर .....
नाम.....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से.....

(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

उपाबंध क -1

(प्ररूप 1 का पैरा 2 देखें)

1. कंपनी के ब्यौरे

कंपनी का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन सं.	
फैक्स सं.	
ई-मेल	

वेबसाइट	
रजिस्ट्रीकरण का समर्थन करने के लिए संलग्नक (ड.) विनिर्माण या व्यावसायिक परिसर के नाम और पते का प्रमाणीकरण करने वाले दस्तावेज़ (च) व्यापार चिह्न प्रमाण-पत्र (छ) लघु उद्योग प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (ज) गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र (झ) प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता पत्र (ञ) भारतीय मानक ब्यूरो अनुज्ञप्ति, यदि लागू हो (ट) ऑनलाइन संदाय किए जाने के मामले में डिमांड ड्राफ्ट (सुरक्षा जमा) / संदाय रसीद	हां / नहीं

2. विनिर्माण परिसर के ब्यौरे (एक से अधिक विनिर्माण सुविधा के मामले में पृथक सारणीबनाई जाए)

विनिर्माण सुविधा का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य / देश	
फोन सं.	
फैक्स सं.	
ई मेल-	
वेबसाइट	
कोई अन्य ब्यौरे (यदि कोई हों)	

IndiaCode

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से.....

(फर्म का नाम)

फर्म की मुहर

प्ररूप 2

[विनियम 6 का उप-विनियमन (3) देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की रीति और विशिष्टियां) विनियम, 2017 के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल चस्पा करने की अनुज्ञा के लिए आवेदन-पत्र

महानिदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

1. मैं / हम ब्रांड का नाम . . . . . (ब्रांड का नाम) के अधीन रजिस्ट्रीकृत विनिर्माता हैं और उसका ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा जारी अनन्य लेबल श्रृंखला कोड ..... है।
2. उपरोक्त उपस्कर का विनिर्माण या आयात ..... ब्रांड का नाम (कंपनी का नाम) ..... द्वारा किया जाता है और इसे ..... (कारखाने का नाम और पता) पर विनिर्मित किया जाता है।

3. उपस्कर के संबंध में जानकारी के ब्यौरे, परीक्षण उत्पादों, लेबलों और संदाय के प्रमाणन उपाबंध क-2 में दिए गए हैं और सुसंगत फोटोकॉपी इसके साथ संलग्न है।

4. मानकों की अनुरूपता : मैं/हम _____ पुष्टि करते हैं कि (उपस्कर का नाम) के लिए _____ (अधिसूचना का शीर्षक) के संबंध में अधिसूचना में यथा: विनिर्दिष्ट भारतीय मानक/अन्य (मानक का नाम और संख्यांक) _____ के अनुसार गुणवत्ता प्रणाली / अन्य मानकों के संबंध में भारतीय मानक ब्यूरो / अन्य अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं।

मैंने / हमने, उपकरण की अपनी आंतरिक प्रयोगशाला _____ या स्वतंत्र प्रयोगशाला _____ (प्रयोगशाला का नाम और पता) में परीक्षण हेतु व्यवस्था कर ली है जो राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) या इंटरनेशनल लैब एक्रेडिटेशन कोऑपरेशन (आईएलएसी) या एशिया पैसिफिक लैब एक्रेडिटेशन कोऑपरेशन (एपीएलएसी) या समकक्ष निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका कार्य विस्तार संगत भारतीय मानकों / अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन / इंटरनेशनल इलेक्ट्रोकैमिकल कमिशन मानक के अनुसार है जैसा कि का.आ..... में विनिर्दिष्ट है।

प्रयोगशाला के ब्यौरे :

क) प्रत्यायन बोर्ड :

ख) प्रत्यायन प्रास्थिति :

(i) प्रयोगशाला के लिए : (हां / नहीं)

(ii) परीक्षण मानकों के लिए : (सुसंगत उत्पाद मानक का नाम / संख्या विनिर्दिष्ट करें)

ग) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का अनुमोदन :

5. (क) आवेदन फीस के दो हजार रुपए का संदाय मांगदेय ड्राफ्ट संख्या..... तारीख ..... /इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा कर दिया गया है।

6. मैं/हम ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट तीस रुपए प्रति लेबल केलगाने की फीस का संदाय करने को सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन के लिए नमूने का चयन करनेऔर परीक्षण को चुनौती देने के लिए प्राधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

9. मैं/हम यह वचनबंध करता हूं/ करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गईसूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है; आवेदनपत्र को तत्काल अस्वीकृत किया जाए।

तारीख ..... दिन ..... वर्ष

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से .....

(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

उपाबंध क-2

(प्ररूप 2 का पैरा 3 देखें)

सूचना के ब्यौरे

1. उत्पाद / उपस्कर के ब्यौरे

1.1 साधारण (यथा लागू ब्यौरे पूरे करें)

साधित्र और प्रकार	
ब्रांड का नाम	

IndiaCode

मॉडल का नाम और संख्या	
निर्धारितार्थ विद्युत दाब या विद्युत दाब विस्तृति	
निर्धारितार्थ विद्युत दाब (वॉट)	
निर्धारितार्थ प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेंस)	
निर्धारितार्थ प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेंस / वॉट)	
स्टार रेटिंग	

1.2 **तकनीकी ब्यौरे** (लागू यथाब्यौरे पूरे करें)

(क) परिक्षित मान :

क्र. सं.	**मापे गए मान**		**निर्धारितार्थ मान**	
1.	मापा गया विद्युत दाब (वॉट)		निर्धारितार्थ विद्युत दाब (वॉट)	
2.	मापा गया प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेंस)		निर्धारितार्थ प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेंस)	
3.	मापी गई प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेंस / वॉट)		निर्धारितार्थ प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेंस / वॉट)	

2. परीक्षण प्रयोगशाला के ब्यौरे

परीक्षण प्रयोगशाला का नाम	
प्रत्यायन प्रास्थिति (i) प्रयोगशाला के लिए (ii) सुसंगत मानकों के लिए (प्रत्यायन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	हां / नहीं
प्रत्यायन की विधिमान्यता (समर्थक दस्तावेज संग्लन करें)	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन सं.	
फैक्स सं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	

IndiaCode


3. लेबल लगाने की जानकारी

प्रारंभ होने की तारीख.	
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लिए आवेदित लेबलों की संख्या पहले वर्ष के लिए - दूसरे वर्ष के लिए - तीसरे वर्ष के लिए -	
उत्पाद क्रम सं.	**से** _____ **तक** _ _____

4. मॉडल के ब्यौरे :

मॉडल	**मॉडल का नाम / मॉडल नंबर**

5. स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लगाए जाने वाले लेबल का नमूना नीचे दर्शित किया गया है :



तारीख. .....

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से .....

(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

प्ररूप 3

[विनियम 7 के उप-विनियम (1) का खण्ड (क) देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की रीति और विशिष्टियां) विनियम, 2017 के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के ब्रांड का रजिस्ट्रीकरण करने के लिए अनुज्ञा।

नई दिल्ली , तारीख. . . . . .

सेवा में ,

. . . . . .

. . . . . .

1.

2. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की रीति और विशिष्टियां) विनियम, 2017 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में, ब्यूरो एतदद्वारा आपको इस पत्र के साथ संलग्नक क-3 में दिए गए अनुमोदनों के ब्यौरे के अनुसार लेबल लगाने की अनुज्ञा प्रदान करता है।

2. यह अनुज्ञा निम्नलिखित के अध्यधीन है —

(क) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर दर्शाया गया स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 केखण्ड (क) के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों और उल्लिखित विनियमों में दिए गए निबंधन व शर्तों को पूरा करता हो;

(ख) ऐसा लेबल केवल ऐसे स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के मॉडल पर स्टांपित किया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है;

(ग) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर अनुज्ञापित व्यक्ति की लागत पर लेबल मुद्रित किया या लगाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहे;

(ङ) अनुज्ञापित व्यक्ति, ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट लेबल फीस का संदाय करेगा;

(च) अनुज्ञापित व्यक्ति, वित्तीय वर्ष के प्रत्येक तिमाही के अंत में आगामी माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए लेबल लगाने के लिए प्रोद्भूत शोध्य फीस और लेबलीकृत उपस्कर उत्पादन के ब्यौरे अंतर्विष्ट करते हुए ऐसा विवरण ब्यूरो को देगा। यह ब्यौरा ब्यूरो को स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से भीप्रदान किया जाएगा।

(छ) अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के ऐसे अन्य ब्यौरे, जब कभी ब्यूरो द्वारा मांगे जाएं, जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है, उपलब्ध कराए जाएंगे।

3. अनुज्ञापित व्यक्ति, अनुमति की विधिमान्यता अवधि के दौरान, ब्यूरो के ऐसे पूर्व अनुमोदन के बिना स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प को बाजार से प्रत्याहृत नहीं करेगा।

4. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ब्रांड के लिए नियत की गई अनन्य लेबल श्रृंखला कोड ..... है और यह अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लेबल पर दिखाई देनी चाहिए।

5. .....तारीख .....माह ..... वर्ष को हस्ताक्षरित, मुहरबंद और तारीखांकित

भवदीय

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबंध क-3

[प्ररूप 3 का पैरा 1 देखें]

अनुमोदनों के ब्यौरे

1. कंपनी के ब्यौरे

कंपनी का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन सं.	

IndiaCode

फैक्स सं.	
ई मेल-	
वेबसाइट	

2. रजिस्ट्रीकृत ब्रांड का नाम :

3. अनन्य श्रृंखला कोड :

4. अन्य ब्यौरे (यदि लागू हो) :

तारीख. :

भवदीय

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

प्ररूप 4

[विनियम 7 के उप – विनियम (1) के खंड (ख) और उप-विनियम (6) देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की रीति और विशिष्टियां) विनियम, 2017 के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल लगाने की अनुज्ञा/ अनुज्ञा का नवीकरण

नई दिल्ली, तारीख. . . . . :

सेवा में ,

.....

.....

.....

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने की रीति और विशिष्टियां) विनियम, 2017 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में ब्यूरो आपको इस पत्र के उपाबंध क- 4 में दिए गए अनुमोदनों के ब्यौरों के अनुसार स्टांप लगाने और मुद्रित करने या लेबल लगाने की अनुज्ञा प्रदान करता है।

2. यह अनुज्ञा निम्नलिखित के अध्यधीन है -

(क) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए अधिसूचित ऊर्जा खपत मानकों और उल्लिखित विनियमों में उपबंधित निबंधनों और शर्तों के अनुरूप होगा;

(ख) ऐसा लेबल केवल ऐसे स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के मॉडल पर स्टांपित किया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है;

(ग) स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल, अनुज्ञापित व्यक्ति की लागत पर मुद्रित किया और चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञापित व्यक्ति यह सुनिश्चित करेगा कि स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर-समय बना रहे;

(ङ) अनुज्ञापित व्यक्ति प्रति लेबल 5 पैसे का संदाय करेगा;

(च) अनुज्ञापित व्यक्ति, वित्तीय वर्ष के प्रत्येक तिमाही के अंत में आगामी माह के भीतर प्रत्येक तिमाही के लिए लेबल लगाने के लिए प्रोद्भूत शोध्य फीस और लेबलीकृत उपस्कर उत्पादन के ब्यौरे अंतर्विष्ट करते हुए ऐसा विवरण ब्यूरो को देगा। यह ब्यौरा ब्यूरो को स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से भी प्रदान कियाजाएगा;

(छ) अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के ऐसे अन्य ब्यौरे, जब कभी ब्यूरो द्वारा मांगे जाएं, जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है, उपलब्ध कराए जाएंगे।

3. यह अनुज्ञा ..... से ..... तक विधिमान्य होगी और यथाविहित रूप से नवीकृत कराई जा सकेगी। अनुज्ञापित व्यक्ति विधिमान्यता की अवधि के दौरान, ब्यूरो के पूर्व अनुमोदन के बिना, स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प को बाजार से प्रत्याहृत नहीं करेगा।

4. .....तारीख .....माह..... वर्ष को हस्ताक्षरित, मुहरबंद और तारीखांकित

भवदीय

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

उपाबंध क- 4
[प्ररूप 4 का पैरा 1 देखें]
अनुमोदनों के ब्यौरे

1. उपस्कर के ब्यौरे

(क) **ब्रांड :**
(ख) **मॉडल के ब्यौरे :**

मॉडल	**मॉडल का नाम**	**मॉडल संख्या**

(ग) **तकनीकी विनिर्देश :**

क्र.सं .	मापे गए मान		निर्धारितार्थ मान	
	वॉट्स (वॉट)		वॉट्स (वॉट)	
	प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेन्स)		प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेंस)	
	प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेन्स / वॉट)		प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेन्स / वॉट)	


2. लेबल के ब्यौरे :-

उपस्कर और प्रकार	
विनिर्माता / आयातक / ब्रांड का नाम	
मॉडल और विनिर्माण का वर्ष	
स्टार स्तर	
निर्धारितार्थ वॉट्स (वॉट)	
निर्धारितार्थ प्रदीप्त प्रवाह (ल्यूमेन्स)	
निर्धारितार्थ प्रदीप्त क्षमता (ल्यूमेन्स / वॉट)	
लेबल की अवधि	
अनन्य श्रृंखला कोड	

3. ब्यूरो के प्रतीक चिह्न के लेबल और लेबल की अर्न्तवस्तु तथा रंग स्कीम के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले लेबल डिजाइन, आकार, रंग स्कीम और सामग्री इस विनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुसार होंगे।

IndiaCode

4. स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लगाए जाने वाला ब्यूरो द्वारा सम्यक अनुमोदित लेबल का नमूनानीचे दर्शित किया गया है (मॉडलों के परिवार के लिए पृथक नमूने उपाबद्ध हैं)।



पत्र में दिए गए अनन्य लेबल श्रृंखला कोड को स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लगाए गए लेबल में उल्लिखित किया जाए।

तारीख. .....

भवदीय

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

प्ररूप 5

[विनियम 7 के उप-विनियम (2) देखें]

अनुज्ञापित व्यक्ति का रजिस्टर

क्र. सं.	आवेदन सं. और अनुज्ञा की तारीख	अनुज्ञापित व्यक्ति का नाम और ब्यौरे (संपर्क व्यक्ति, पता, पिन कोड, राज्य, फोन सं., फैक्स सं., ई-मेल, वेबसाइट)	उपस्कर के ब्यौरे जिनके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है	स्टार स्तर या घोषित दक्षता स्तर	ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की अनुज्ञा संख्याक और अनन्य लेबल श्रृंखला	अवधि जिसके लिए अनुज्ञा प्रदान की गई है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

लेबल प्रतिभूति निक्षेप रकम	लेबल प्रतिभूति निक्षेप (रेखांकित मांगदेय ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिकी संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख :)	आवेदन फीस की रकम द्वारा प्राप्त के बयौरे (रेखांकित मांगदेय ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख :) से प्राप्त आवेदन फीस की रकम के विवरण
(8)	(9)	(10)

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में लगाए गए लेबलों की कुल संख्या	लेबल लगाने की शोध्य रकम	लेबल लगाने की फीस (रेखांकित मांगदेय ड्राफ्ट (ब्यौरे) / इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार (ब्यौरे) : तारीख:) से प्राप्त रकम के ब्यौरे	टिप्पणियां
(11)	(12)	(13)	(14)

प्ररूप 6

[विनियम 7 के उप-विनियम (7) देखें]

अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा विद्यमान मॉडल पर लेबल चिपकाने की अनुज्ञा को जारी रखने की मांग करते हुए घोषणा

(प्रत्येक भिन्न मॉडल के लिए, संबंधित उपाबंध सहित एक पृथक पत्र प्रस्तुत किया जाएगा)

(निगमित निकाय/अनुज्ञापित व्यक्ति के लैटरहैड पर)

तारीख :

सेवा में,

महानिदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

विषय : ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने का विवरण और रीति) विनियमन, 2017 .....से लागू स्टार स्तर में परिवर्तन के संबंध में लेबल चिपकाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन - पत्र ।

1. मैं/हम [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] के अभिनाम के अधीन [कंपनी का नाम, पूरे पते सहित] में व्यवसाय करने वाला/वाले स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प का/के विनिर्माता / आयातक हूं / हैं और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने का विवरण और रीति) विनियमन, 2017 में ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल चिपकाने की अनुज्ञा के लिए आवेदन करता हूं / करते हैं जिसमें ..... से स्टार स्तर में संशोधन होगा।

2. उपरोक्त उपकरण [व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम] द्वारा विनिर्मित या आयातित है और इसका (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्माण किया गया है या (आयातक का नाम और पता) से आयातित किया गया है

3. नए स्टार स्तर का अनुपालन: मैं / हम तालिका ..... के अनुसार जैसा स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लिए अधिसूचना संख्या का.आ. संख्या..... में विनिर्दिष्ट है, का अनुपालन करते हैं। उपरोक्त उपकरण के संबंध में ब्यूरो के अनुमोदन की छायाप्रति (जिसे पूर्व में अनुमोदित किया गया था) संलग्न है।

IndiaCode

4. स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के संबंध में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो लेबल (स्टार स्तर परिवर्तन के पुनरीक्षण के अनुसार) की प्रति संलग्न है।

5. स्टार स्तर के संशोधन के अनुसार उपकरण/मॉडल का ब्यौरा।

मॉडल का नाम ..... -

विवरण	**घोषित मान**	
वाट संख्या (वॉट)	--	
ल्युमिनस फ्लक्स (ल्यूमेन्स)	--	
ल्युमिनस क्षमता (ल्यूमेन्स / वॉट)	--	
स्टार रेटिंग	(विद्यमान स्टार लेबल के अनुसार)	(पुनरीक्षित स्टार लेबल के अनुसार)

6. मैं/हम, पुस्तिका आवेदन और ऑनलाइन वेब पोर्टल में स्टार स्तर से (विद्यमान स्टार लेबल स्तर) से (पुनरीक्षित स्टार लेबल स्तर) में परिवर्तन के लिए सहमत हैं।

7. मैंने उक्त स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प मॉडल के लिए अभी तक तिमाही उत्पादन आंकड़े और लेबलिंग फीस जमा करा दिए हैं।

8. मैं/हम, ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी नियमों और शर्तों का पालन करने औरयदि ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ की जाती है उसे आवश्यक सहायता/ सहयोग देने को सहमत हूं/हैं

9. मैं/हम, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन करने और जांच को चुनौती देने केलिए नमूने का चयन करने के लिए प्राधिकृत करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के दिशा-निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

10. मैं/हम यह वचनबंध देता हूं/ देते हैं कि इस आवेदन– पत्र में प्रदान की गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सहीहै और यदि इसमें दी गई कोई सूचना गलत पाई जाती है, आवेदन को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

तारीख :

दिन (वर्ष) .....
हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
के लिए और उनकी ओर से .....
.....
(फर्म का नाम)
फर्म की मुहर

प्ररूप 7

[विनियम 11 के उप-विनियम (6) देखें]

दूसरे जांच परीक्षण के विफल रहने पर अनुज्ञप्ति व्यक्ति को निदेश

सेवा में, नई दिल्ली, तारीख.....

.....
.....

IndiaCode

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो **(स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर उनका लेबल प्रदर्शित करने का विवरण और रीति)** विनियमन, 2017 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसरण में आपको इसमें विनिर्दिष्ट निबंधन और शर्तों का अनुपालन करने की शर्त पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के तारीख. .....के पत्रांक..... के जरिएस्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल चिपकाने की अनुमति दी गई थी।

2. ब्यूरो ने, इन विनियमों के विनियम ..... के अधीन आपके अधिकृत वितरक,व्यापारी, खुदरा व्यापारी से .....रुपए की कीमत की तारीख. ..... की बीजक संख्या ..... के जरिए ब्यूरो स्टार के लेबल वाला स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प खरीदकर, ब्यूरो द्वारा उपरोक्त विनियम के विनियम 3 के अधीन लेबल, जो उल्लिखित खरीदे गए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर आपके द्वारा चिपकाया गया था, पर प्रदर्शित विवरणों के सत्यापन के लिए नियुक्त एजेंसी मैसर्स..... द्वारा तारीख..... को नमूने के तौर पर उठवाया था। मैसर्स ..... से श्रृंखला सं. मैसर्स ..... का विधिवत मुहरबंद नमूना, मैसर्स ..... (वितरक, व्यापारी, खुदरा व्यापारी का नाम) से, सत्यापन एजेंसी के सम्यक प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर सहितप्राप्त हुआ था।

3. ब्यूरो ने अपनी उपरोक्त सत्यापन अभिकरण के माध्यम से पैरा2 में संदर्भित नमूना मैसर्स....., एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला को का.आ. संख्या..... तारीख. ..... के पैरा 4 और5 में दी गई जांच प्रक्रिया के अनुसार, का. आ. संख्या..... तारीख. ..... के अनुबंध में दिए गए प्ररूप..... के अनुसार जांच रिपोर्टदेने के लिए जांच करने के लिए भेजा था।

4. नमूने की परीक्षण रिपोर्ट के परिणाम विशिष्ट पहचान क्रम संख्याके साथ संलग्न है। परीक्षण रिपोर्ट के परिणाम में दर्शाया गया है कि नमूने के तौर पर लिए गए स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प ऊर्जा खपत मानक, ल्यूमेन आदि को पूरा करने में विफल रहे और आपके द्वारा आवेदन के उपाबंध प्ररूप 1 में प्रस्तुत किए गए परीक्षण के विवरण के अनुरूप नहीं पाए गए जोआपके द्वारा निर्मित किए जा रहे / आयात किए जा रहे स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल लगाने की अनुमति पाने केलिए जमा किया गया। परीक्षण के परिणाम आपको ब्यूरो के पत्र संख्या ..... क्रिांक ..... द्वारा आपके अधिकृत संपर्क व्यक्ति के पास भेजे जा रहे हैं। आपको राष्ट्रीय प्रत्यायन परीक्षण बोर्ड और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायित प्रयोगशाला सर्वश्री ..... में नमूनों के द्वितीय जांच सत्यापन परीक्षण में आना था और इसे देखना भी था।

5. हमारी अधिकृत अभिकरण मेसर्स ..... के मार्फत तारीख ..... दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के लिए नमूने उठाकर हमारी अधिकृत अभिकरण मैसर्स..... द्वारा विधिवत मुहरबंद कर एनएबीएल प्रत्यायित प्रयोगशाला में भेजे गए थे और सत्यापन अभिकरण के सम्यक अधिकृत प्रतिनिधि के सथ-साथ आपके प्रतिनिधियों के हस्ताक्षराधीन .....से प्राप्त उक्त नमूनों पर उत्कीर्ण विशेष पहचान श्रृंखला संख्या दी गई थी।

6. दूसरे जांच सत्यापन परीक्षण के परिणाम संलग्न हैं जिनकी राष्ट्रीय प्रत्यायन परीक्षण बोर्ड केप्रत्यायित प्रयोगशाला के सक्षम अधिकृत कार्मिक द्वारा जांच की गई है और जिनके संबंध में प्रतिहस्ताक्षरकिए गए हैं। जांच रिपोर्ट पर दूसरे जांच परीक्षण के साक्ष्यके तौर पर आपके हस्ताक्षरकर्ता द्वारा भी सम्यक हस्ताक्षर किए गए हैं। परिणामों से पुष्टि होतीहै कि ये का.आ. सं. ..... तारीख..... में दिए गए अपेक्षित मानदण्डों और मानकों और आपको बाजार में विनिर्मित/ आयातित और बिक्री स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लगे लेबल पर दिए गए विवरण को दर्शाने के लिए आपको दी गई अनुमति के निबंधन और शर्तों को पूरा नहीं करते।

7. ब्यूरो द्वारा आपको स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर में सुधार करनेया परीक्षण के दौरान पाई गई खराबियों और कमियों को दूर करने, बाजार से सभी स्टॉक वापस लेकर ब्यूरो के निदेशों का पालन करने, विज्ञापन सामग्री में प्रदर्शित विवरणों में बदलाव करने का निदेश दिया जाता है।

8. आपको निदेश दिया जाता है कि इस पत्र के जारी किए जाने की तरीख से दो माह के भीतर उल्लिखित सुधारात्मक कार्रवाई पूरीकरें और दो माह की समाप्ति के बाद दस दिन के भीतर अर्थात..... तक प्ररूपVI में अनुपालन रिपोर्ट भेजें। यदि उक्त तारीख तक कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होती है तो, ब्यूरो इन विनियमों के अधीन कार्रवाई करेगा।

9. ब्यूरो द्वारा इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार अनुवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

(सचिव)
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

संलग्नक :
विफल मॉडल की जांच रिपोर्ट
विनिर्माता के साथ पत्राचार

प्ररूप **8**

की गई कार्रवाई रिपोर्ट

(विनियम 11 के उप-विनियम (7) देखें)

(संगठन के लैटरहैड पर प्रस्तुत किया जाए)

सेवा में,

तारीख. .....

सचिव
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर उनके प्रदर्शन का विवरण और रीति) विनियम, 2017 के विनियम 7 के उपबंधों के अनुसार, हमें मेसर्स ..... स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के विनिर्माता की ..... ऊर्जा की खपत मानक के अनुरूप ऊर्जा दक्षताब्यूरो पत्र सं के लिए ..... तारीख ..... मॉडल संख्या ..... द्वारा स्टार लेवल के स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प पर लेबल लगाने की अनुमति दी गई थी।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के (स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर उनके प्रदर्शन के ब्यौरे और तरीके) विनियम, 2018 के विनियम 11 के उप-विनियम (4) के उपबंधों के अनुसार, हमें आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो पत्र संख्या ..... तारीख..... द्वारा निर्देश दिया गया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा जारी किए गए निर्देश के आलोक में, हम इसके द्वारा घोषित करते हैं कि हमारी ओर से निम्न गतिविधियों को कियागया है।

	कार्रवाई का निदेश	प्रास्थिति	की गई कार्रवाई
(i)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ स्वत: धारा स्थिरक एलईडी लैम्प के लेबल पर प्रदर्शित सही स्टार स्तर	हां/नहीं/लागू नहीं	स्टार स्तर (तारीख)..... से स्टार ..... से स्टार ..... तक सही किया गया है।
(ii)	ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ बाजार से सभी स्टॉक वापस ले लें। और	हां/नहीं/लागू नहीं	बाजार से सभी स्टॉक को ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने के साथ वापस ले लिया गया है।
(iii)	विज्ञापन सामग्री पर प्रदर्शित ब्यौरे बदलें।	हां/नहीं/लागू नहीं	हां/नहीं/लागू नहीं

उपरोक्त दी गई घोषणा हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है।

हस्ताक्षर
नाम
पदनाम
के लिए और उनकी ओर से
कंपनी/फर्म आदि का नाम
फर्म/कंपनी की मुहर

अभय बाकरे, महानिदेशक

[विज्ञापन-III/4/असाधारण/369/17(158)]

THE BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY

NOTIFICATION

New Delhi, the 27th December, 2017

No. BEE/S&L/LED/52/2017-18.—Whereas the draft regulations namely, the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Self-ballasted LED lamps) Regulations, 2017, were published *vide* notification number No. BEE/S&L/LED/52/2017-18, dated the 5th September, 2017 as required under sub-section (1) of section 58 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), inviting objections or suggestions from persons likely to be affected thereby within the specified period of forty-five days from the date of publication of the said notification in the Official Gazette;

And whereas copies of the said draft regulations were made available to the public on 5th September, 2017;

And whereas suggestions have been received with respect to the said draft regulations within the period aforesaid;

And whereas the suggestions received in this regard have been taken into consideration;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (i) of sub-section (2) of section 58 read with clause (n) of sub-section (2) of section 13 and clause (d) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001), the Bureau, with the previous approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. Short title and commencement.– (1) These regulations may be called the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Self-ballasted LED Lamps) Regulations, 2017.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.- (1) In these regulations, unless the context otherwise requires,-

(a) "Act" means the Energy Conservation Act, 2001(52 of 2001);

(b) "Family of models" means group of models for which all the performance parameters are same;

(c) "Form" means a form appended to these regulations;

(d) "label" means any written, printed, marked, stamped or graphic matter affixed to, or appearing upon the self-ballasted LED lamp;

(e) "label period" means the validity period of the luminous efficacy under energy consumption standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act:

Provided that if, the end period of the validity period of the luminous efficacy is not notified, it shall be deemed to be valid until new values for the same are notified by the Central Government;

(f) "Permittee" means a person or agency to whom permission has been granted to affix label under regulation 7;

(g) "Schedule" means the schedule annexed to these regulations;

(h) "Self-ballasted LED lamp" means an appliance as specified in the notification under clause (b) of section 14 of the Act;

(i) "Star rating or star level" means the grade of energy efficiency displayed on the label of the self-ballasted LED lamp based on luminous efficacy standard notified by the Central Government under clause (a) of section 14 of the Act;

